योजना | सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनों की सामने आई सच्चाई , कई स्कूलों में नहीं मिल रहा योजना का लाभ

# 5 रुपये का सिक्का डालो, तभी मिलेगी सुविधा









**नवभारत, जबलपुर।** शहर में स्थित विभिन्न शासकीय विद्यालयों में छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाई गई सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनों की स्थिति जानने के लिए मंगलवार को नवभारत टीम ने जांच-पड़ताल की।

कहीं मशीनें महीनों से खराब पड़ी मिलीं, कहीं समान सुविधाओं का अभाव दिखा तो कई विद्यालय ऐसे मिले जहां अब तक सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनें लगाई ही नहीं की गई हैं ।

### पड़ताल में सामने आए तथ्य

पड़ताल के दौरान पाया गया कि कुछ स्थानों पर सैनिटरी पैड प्राप्त करने के लिए छात्राओं को 5 रुपये का सिक्का डालना पड़ता है। जबकि कई छात्राओं का कहना है कि स्कूलों में उपलब्ध यह सुविधा निशुल्क होनी चाहिए। इसके अलावा कई विद्यालयों में मशीनों की स्थिति और रखरखाव को लेकर भी लापरवाही देखने को मिली।

### हितकारिणी स्कूल मढ़ाताल में मशीन का इंतजार

हितकारिणी स्कूल में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन नहीं मिली। वहाँ की एक शिक्षिका ने बताया कि जब छात्राओं को ज़रूरत पड़ती है तब उनको हमारे द्वारा उपलब्ध करवा दिया जाता है ।

### महाराजपुर माध्यमिक शाला में भी नहीं पहुंची योजना

महाराजपुर स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में भी सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन नहीं पाई गई। इससे स्पष्ट होता है कि योजना का लाभ अभी तक सभी विद्यालयों तक समान रूप से नहीं पहुंच पाया है।

**इनका कहना है**

इनका कहना है
सीएसआर या दान के द्वारा ही लगती है ।अभी सभी विद्यालयों में लगाने की ऐसी कोई शासकीय योजना नहीं है ।

**घनश्याम सोनी, डीईओ**

**ब्योहारबाग स्कूल में महीनों से बंद है मशीन**

ब्योहारबाग स्थित शासकीय विद्यालय में एक सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन फरवरी माह से खराब पड़ी हुई है। चार महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मशीन की मरम्मत नहीं कराई गई है। वहीं दूसरी मशीन के पास स्विच बोर्ड तक नहीं लगा है। छात्राओं के लिए लगाई गई यह सुविधा वर्तमान में किसी काम की नहीं है।

# मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया ने संभाला पदभार



**जबलपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश विवेक रूसिया ने मंगलवार दोपहरकार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का प्रभार ग्रहण कर लिया। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी अधिसूचना के बाद उन्होंने यहजिम्मेदारी संभाली। उच्च न्यायालय को नए मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति होने तक वे इस पद पर कार्यरत रहेंगे। गौरतलब है कि संजीव सचदेवा के उच्चतम न्यायालय में पदोन्नत होने के बाद केंद्र सरकार ने जस्टिस विवेकरूसिया को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की अधिसूचना जारी कीथी।

### न्यायिक कार्यों का करेंगे नेतृत्व

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस विवेक रूसिया की नियुक्ति कोन्यायिक प्रशासन की निरंतरता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। न्यायिक कार्यप्रणाली मेंउनकी दक्षता, प्रशासनिक अनुभव और संतुलित दृष्टिकोण को देखते हुए विधिक जगत में उनसे प्रभावी नेतृत्व कीअपेक्षा की जा रही है। नए मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति तक वे उच्च न्यायालय के प्रशासनिक और न्यायिककार्यों का नेतृत्व करेंगे।

**चेक बाउंस मामले में छह माह की सजा**

**जबलपुर।** न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी डॉ. गौरव गर्ग ने चेक बाउंस मामले में पीपी कॉलोनी निवासी प्रशांत कुंभारे को छह माह की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 70 हजार दो सौ रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मनिंदर सिंह की ओर से दायर परिवाद में कहा गया कि आरोपी ने उससे 50 हजार रुपए उधार लिए थे, लेकिन जब चेक के जरिए रकम वापस की तो चेक

# गवाही बदलने से इंकार करने पर आंख में झोंका स्प्रे



**नवभारत, जबलपुर ।** न्यायालय में चल रहे एक मर्डर केस में झूठी गवाही देने से मना करने पर एक युवक की आंख में बदमाशों ने रासायनिक स्प्रे डाल दिया और बेरहमी से पिटाई करने के बाद उसे लहूलुहान कर दिया। पनागर पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से मिलीजानकारी के अनुसार, मझगवां निवासी सतीश कुशवाहा शाम करीब 5:30 बजे वह अपना जन्मदिन मनाने के लिए अपने दोस्तों चिंटू बंजारा, पारस साहू, सौरभ चौधरी और हरिओम केवट के साथ ग्राम मझगवां स्थित लक्ष्मी रिसॉर्ट गया था। केक काटने और खुशियां मनाने के बाद सतीश रिसॉर्ट से बाहर निकलकर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठ गया, जबकि उसके दोस्त थोड़े पीछे रह गए थे। सतीश जैसे ही बाइक पर बैठा, सामने से शनि बाबा, धर्मेंद्र उर्फ बबलू यादव, शनि बंगाली और अंकित पटेल आ धमके। आरोपी धर्मेंद्र उर्फ बबलू यादव ने सतीश को रोक लिया और धमकी भरे लहजे में कहा, रूपेंद्र साहू मर्डर केस में हमारे दोस्त जेल में बंद हैं। तुम कोर्ट में अपनी गवाही बदल देना, जिससे उनकी जमानत का रास्ता साफ हो जाए।

जब सतीश ने साफ शब्दों में कह दिया कि वह कोर्ट में कोई झूठी गवाही नहीं देगा, तो आरोपी आपा खो बैठे। सतीश के इंकार करते ही आरोपी शनि बाबा ने अपने हाथ में छिपाकर रखा स्प्रे सीधे सतीश की आंखों पर मार दी। स्प्रे लगते ही सतीश को दिखना बंद हो गया और वह आंखें मलने लगा। इसी का फायदा उठाकर चारों आरोपियों ने एक राय होकर उसे घेर लिया और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने सतीश को लात-घूंसों से इतनी बेरहमी से पीटा कि वह जमीन पर गिर पड़ा। जमीन पर गिरने के बाद भी आरोपी उसे पीटते रहे, जिससे सतीश ने शोर मचाया। चीख-पुकार सुनकर रिसॉर्ट के अंदर से उसके दोस्त चिंटू, पारस, सौरभ और हरिओम तुरंत मौके पर पहुंचे। दोस्तों को हावी होते देख चारों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से रफूचक्कर हो गए। इस हमले में सतीश के सिर, दाहिने कंधे और दाहिने हाथ की छोटी उंगली में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## सड़क हादसे में घायल की मौत

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत गढा रोड स्वास्तिक ग्रैण्ड के सामने हुए सड़क हादसे में घायल युवक की मंगलवार दोपहर इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मंगलवार की शाम मेडिकल कालेज से सूचना मिली कि उमेश पटेल 27 वर्ष निवासी ग्राम गोकला थाना बेलखेडा का 16 मई 26 की रात लगभग 11-30 बजे गढा रोड स्वास्तिक ग्रैण्ड के सामने सड़क हादसे का शिकार हो गए थे जिन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया। मंगलवार दोपहर लगभग 2-20 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# 'रघुपति राघव राजा राम' भजन-कीर्तन कर जताया विरोध

**सीएम को सद्बुद्धि देने कांग्रेस ने किया अनोखा प्रदर्शन**

**नवभारत,जबलपुर।** मुख्यमंत्री मोहन यादव को सद्बुद्धि देने कांग्रेस ने मंगलवार को अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने 'रघुपति राघव राजा राम' भजन-कीर्तन कर विरोध प्रदर्शन किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के प्रति की गई अमर्यादित एवं अभद्र टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसजनों ने अनोखे एवं लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'रघुपति राघव राजा राम' भजन एवं कीर्तन करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव को सद्बुद्धि प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से मर्यादित भाषा और गरिमामय आचरण की अपेक्षा की जाती है, किंतु मुख्यमंत्री द्वारा लगातार विपक्ष के नेताओं के प्रति अशोभनीय एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है।

**सार्वजनिक रूप से माफी मांगें सीएम**

कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से सार्वजनिक रूप से अपनी टिप्पणी पर खेद व्यक्त करने तथा राजनीतिक मर्यादाओं का पालन करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि भाजपा नेताओं द्वारा विपक्ष के प्रति इस प्रकार की अमर्यादित भाषा का प्रयोग जारी रहा तो कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से जनआंदोलन को और व्यापक रूप देगी। प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, इंदिरा पाठक तिवारी, रितेश गुप्ता बंटी, संजू ठाकुर, वकील अंसारी, गुड्डु नवी, मनीष चंसोरिया, आरिफ बेग,राजेश यादव, निर्मल चंद जैन, पवन कनोजिया, आदित्य मिश्रा, प्रवेंद्र चौहान, मधु चौधरी, रज्जू सराफ, मनोज नामदेव,नेम सिंह, दीना ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

# शासन को लगाया 15 .72 लाख का चूना

**बिल्किसगंज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के 6 डायरेक्टरों, 3 कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर**

**नवभारत, जबलपुर।** नियमों की आड़ में सरकारी खजाने को चपत लगाने वाली बिल्किसगंज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के खिलाफ शिकंजा कस दिया गया है। प्रशासनिक जांच दल की रिपोर्ट के बाद विजय नगर पुलिस ने कंपनी के 6 संचालकों समेत तीन कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार किसान मजदूर महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने बिल्किसगंज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत पर कलेक्टर ने 19 फरवरी 2026 को एक विशेष जांच दल का गठन किया था। जांच दल ने जब कंपनी के रिकॉर्ड खंगाले, तो पाया कि डायरेक्टर्स ने मिलीभगत कर अवैध रूप से 15,72,802 रूपए की धोखाधड़ी सामने आई। इस अवैध कमाई से सीधे तौर पर शासन को भारी आर्थिक क्षति पहुंची। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद, उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास कार्यालयके सहायक संचालक रवि कुमार आम्रवंशी ने विजय नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई । पुलिस ने जांच प्रतिवेदन के आधार पर बनाप सिंह वर्मा, संदीप दुबे, सचिन दुबे, अंशुल वर्मन, सुधीर दुबे, विनोद पटेल, संजय हल्दकार, शाहिल पटेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

# साहब . .हत्या कर रेल्वे ट्रैक पर फेंकी गई है लाश

**साहिल की मौत की गुत्थी सुलझाने एसपी से गुहार**




**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत सतपुड़ा रेल्वे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर हुई युवक की मौत की गुत्थी सुलझाने मंगलवार को परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक की हत्या कर रेल्वे ट्रैक पर शव को फेंका गया है।

विदित हो कि साहिल पासी 22 वर्ष निवासी सदर का रांझी स्थित एक दुकान में काम करता था। 22 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। परिजनों ने रांझी थाने में 23 मई को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी । इसके बाद पुलिस ने सीडीआर निकलवाई तो लोकेशन सतपुड़ा ट्रेस हुई थी। पुलिस ने घमापुर थाने में पतासाजी की तो यह बात सामने आई कि एक युवक ट्रेन से कटा था पीएम के बाद शव को चौहानी मुक्तिधाम में दफना दिया गया है। परिजन साहिल की खोज खबर थाने पहुंचे जहां रेल्वे ट्रैक पर कटे मृतक की वीडियो, फोटो परिजनों को दिखाई गई थी तो उन्होंने उसकी पहचान कर ली थी। 29 मई को परिजन घमापुर थाने पहुंचे थे जहां उन्होंने शव की मांग करते हुए प्रदर्शन किया था ।30 मई को कब्र खोदी गई थीइसके बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया था। जिसके बाद चौहानी मुक्तिधाम में हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार हुआ था। जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया तिवारी ने ने कहा कि पुलिस ने 7 दिन तक परिजनों को सूचित किए बिना शव को लावारिस बताकर दफना दिया थौ। यदि 7 दिन में निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा। परिजनों का आरोप है कि 22 मई से गुमशुदा साहिल की हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंका गया। वहीं घमापुर एवं रांझी थाना पुलिस पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने मामले की जांच कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मृतक की मां निशा पासी, बहन अपूर्वा पासी सहित संगठन के नीलू सोनकर, श्रीमती राधा तिवारी, संजय ढींगरा, आशीष विश्वकर्मा, सोनू सतनामी, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**हमलों, प्रकरणों को लेकर ईसाई समुदाय ने सौंपा ज्ञापन-** ईसाई समुदाय के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर समुदाय पर बढ़ते हमलों एवं झूठे प्रकरणों में फंसाए जाने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की।

# ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाली के लिए जिला कंट्रोल रूम शुरू


**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के संचालन और संधारण वृत्त, जबलपुर अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आंधी, तूफान, भारी वर्षा, बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान विद्युत आपूर्ति को शीघ्र बहाल करने हेतु विभागीय जिला कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम माढ़ोताल ग्रामीण परिसर के संचालन और संधारण उपसंभाग में संचालित रहेगा, जिसका मोबाइल नंबर 7648818806 निर्धारित किया गया है। इस व्यवस्था का उद्देश्य समस्त संभागों, कार्यालयों, वितरण केन्द्रों एवं विद्युत सेवा केन्द्रों में उपलब्ध वाहनों, मेंटेनेंस गैंग और सुरक्षा उपकरणों जैसे संसाधनों का समुचित उपयोग, समन्वय एवं सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित करना है।

### नोडल अधिकारी नियुक्त

आपदा प्रबंधन एवं विद्युत व्यवस्था बहाली के लिए वृत्त एवं संभाग स्तर पर कार्यपालन अभियंताओं को वर्तमान दायित्वों के अतिरिक्त नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसमें वृत्त स्तर पर अशोक कुमार (9425806960), जबलपुर संभाग स्तर पर नीरज परस्ते (9425806100), पाटन संभाग स्तर पर नवनीत राठौर (9425806181) सिहोरा संभाग स्तर पर अमित विश्वकर्मा (9425806191) को नोडल अधिकारी बनाया गया है। निर्देशानुसार, आपातकालीन परिस्थितियों में संभागीय नोडल अधिकारी जिला स्तर के नोडल अधिकारी से सतत समन्वय स्थापित करते हुए संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करेंगे। वृत्त के एसटीसी व एटीएम संभाग अभियंताओं को आवश्यकता पर कंट्रोल रूम व नोडल अधिकारियों से समन्वय के निर्देश हैं।

# गिट्टी हटाने को कहने पर दुकानदार पर चढ़ाई कार

**शिल्पीनगर का मामला, चार पर मामला दर्ज**



**नवभारत, जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत शिल्पीनगर में सड़क किनारे रखी गिट्टी हटाने की बात पर उपजा विवाद इतना बढ़ गया कि चार युवकों ने एक राय होकर पहले दुकानदार को धमकी दीं, और फिर हत्या की नीयत से उस पर तेज रफ्तार कार चढ़ा दी। दुकानदार बाल-बाल बचा, लेकिन उसे गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शिल्पीनगर निवासी शिवम पाठक क्षेत्र में ही अपनी किराना दुकान चलाता हैं। बीती रात करीब 11 बजे शिवम अपनी दुकान बंद कर के सामने ही खड़ा था उसी समय वहां शिल्पीनगर के ही रहने वाले सत्यम पटेल, शिवम पटेल, साहिल बर्मन और छोटेलाल बर्मन भी खड़े थे। सत्यम पटेल की गिट्टी शिवम की दुकान के सामने सड़क किनारे डली हुई थी, जिससे रास्ता बाधित हो रहा था। जब शिवम पाठक ने सत्यम से अपनी गिट्टी वहां से हटाने के लिए कहा, तो चारों आरोपी भड़क गए। वे एकजुट होकर शिवम को धमकी देने लगे। शिवम ने जब विरोध किया, तो आरोपी सत्यम पटेल ने उसे जान से मारने की ठान ली। सत्यम तुरंत अपनी सफेद रंग की ईको कार में बैठा और गाड़ी को अत्यधिक तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए सीधे शिवम को सामने से टक्कर मार दी।

कार की टक्कर लगते ही शिवम जमीन पर गिर पड़े, जिससे उनके बाएं हाथ की कोहनी में गंभीर चोटें और खरोंच आई हैं। इस खौफनाक मंजर को वहां से गुजर रहे अंशुल राजपूत, ब्रजेश पाठक और रामजी बिलथरे ने अपनी आंखों से देखा और शोर मचाया। जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित शिवम पाठक की शिकायत पर पुलिस ने सत्यम पटेल, शिवम पटेल, साहिल बर्मन और छोटेलाल बर्मन के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

असुविधा | ग्राहक एटीएम सेवा चार्ज देने के बाद भी इस सुविधा से वंचित

# भीषण गर्मी के बीच ठप पड़े एटीएम, भटक रहे ग्राहक




**जबलपुर, नवभारत।** शहर के पॉश इलाकों में लगे सरकारी बैंकों के एटीएम इन दिनों आउट ऑफ ऑर्डर चल रहे है। बात करे अगर कटंगा स्थित इंडियन बैंक के एटीएम की तो यह महीनों से ठप पड़ा हुआ है। सिर्फ इंडियन बैंक ही नहीं अन्य बैंकों के एटीएम भी मात्र शोपीस बनकर रह गए है वही ग्राहक एटीएम सेवा चार्ज देने के बाद भी इस सुविधा से वंचित है और भरी गर्मी में परेशान होने मजबूर हो चुका है।

मालूम हो कि मंगलवार को उपभोक्ता कैश निकालने के लिए कटंगा इंडियन बैंक के एटीएम मशीन तक पहुंच रहे थे, लेकिन एटीएम मशीन का शटर गिरा हुआ था जिसके चलते कैश नहीं निकल सका। वही कैश निकासी न होने से उपभोक्ता एक दूसरे एटीएम मशीन पर चक्कर काटते देखे गए। शहर के नेपियर टाउन निवासी प्रमुख व्यवसाई ने बताया कि इंडियन बैंक का एटीएम और रसल चौक स्थित बैंक का एटीएम बंद हैं। कैश निकासी न होने से उपभोक्ताओं को दिक्कतें हो रही हैं।

**यहां महीनों से बंद हैं एटीएम**

कटंगा स्थित इंडियन बैंक पर शाखा का एकमात्र एटीएम कई महीनों से बंद पड़ा है। मुख्यालय में वैसे तो कई बैंक हैं, लेकिन कटंगा में सिर्फ यही एक एटीएम है। मशीन बंद होने से ग्राहकों को भारी परेशानी हो रही है। पैसे निकालने के लिए लोगों को दूर-दराज के इलाकों में जाना पड़ रहा है। इससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी हो रही है। ग्राहकों ने बताया कि जब कभी एटीएम चालू होता है, तब भी उसमें नकदी नहीं मिलती या तकनीकी खराबी आ जाती है। एटीएम सेवा ठप होने से उपभोक्ता काफी परेशान हो रहे है। कई बार लोग खाली हाथ लौट जाते हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार बैंक प्रबंधन से भी शिकायत की, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। यह एटीएम छोटे व्यापारियों, बुजुर्गों और नौकरीपेशा लोगों के लिए काफी सहायक था। लंबे समय से बंद रहने के कारण सभी को दिक्कत हो रही है। लोग मांग कर रहे हैं सरकारी बैंक प्रबंधन जल्द से जल्द मशीनो की मरम्मत कराए या नया एटीएम लगाए, ताकि लोगो को राहत मिल सके।